तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	मंगलाराम बनाम लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 117 / 2020	
14.09.20	अपीलार्थी मंगलाराम, निवासी प्लॉट नं. 04, बेनिवाल भवन, महेशनगर, लालसागर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 06.02..20 में उसके द्वारा (1) उपखण्ड अधिकारी कृषि भूमि रूपान्तरण जोधपुर द्वारा जारी पट्टा क्रमांक 2769 / 1989 दिनांक 19.12. 1989 प्रार्थी उम्मेदसिंह पुत्र फुसाराम कच्छवाह के नाम से जारी किया गया था, क्या यह आपके कार्यालय से जारी किया गया था व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anoop Singh Inda
Date: 2020.10.20 12:29:33 IST
Reason: SelfAttested